मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-462
22/07/2026

# मुख्यमंत्री ने पटना के तीन गंगा घाटों के सौंदर्यीकरण एवं विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

## ➢ 46.26 करोड़ रुपये की लागत से विकसित भद्र घाट, महावीर घाट एवं नौजर घाट आधुनिक सुविधाओं से हुए सुसज्जित

**मुख्य बिंदु :–**

- मुख्यमंत्री ने गंगा घाटों का निरीक्षण कर साइट प्लान के माध्यम से विकास कार्यों की जानकारी ली।
- गंगाजल स्पर्श कर मां गंगा को नमन किया तथा बिहार की सुख–समृद्धि, शांति एवं प्रगति की कामना की।
- घाटों पर आधुनिक वॉक–वे, हाई मास्ट लाइट, बैरिकेडिंग, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा संबंधी आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं।
- छठ महापर्व सहित वर्षभर श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक घाटों की सुविधा मिलेगी।
- परियोजना से शहरी आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी तथा समावेशी एवं सतत शहरी विकास को नई गति प्राप्त होगी।

पटना 22 जुलाई 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज पटना के भद्र घाट, महावीर घाट एवं नौजर घाट के सौंदर्यीकरण एवं विकास परियोजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम (बुडको) द्वारा 46.26 करोड़ रुपये की लागत से विकसित इन तीनों गंगा घाटों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिससे राजधानीवासियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने तीनों गंगा घाटों पर कराये गये विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने साइट प्लान के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गंगाजल स्पर्श कर मां गंगा को नमन किया तथा प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

ज्ञातव्य है कि बिहार के शहरी क्षेत्रो में आधारभूत नागरिक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, नियोजित शहरी विकास, आधुनिक अवसंरचना का विस्तार तथा जनोपयोगी सेवाओं की गुणवत्ता

की दिशा में बिहार आधारभूत संरचना विकास निगम लि० (बुडको) द्वारा 46.26 करोड़ की लागत से पटना के 03 गंगा घाट (भद्र घाट, महावीर घाट एवं नौजर घाट) रिवर फ्रंट सौंदर्यीकरण परियोजनाओं का विकास किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत भद्र घाट, महावीर घाट एवं नौजर घाट को पक्का बनाकर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया। पहले ये घाट कच्चे थें अब इनके निर्माण से लोगों क़ो स्नान एवं पूजा मे सुविधा होगी। सौंदर्यीकृत कराये गए घाटों पर आधुनिक वॉक–वे, पक्का घाट, पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था (हाई मास्ट लाईट), सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग एवं स्वच्छता की पूर्ण व्यवस्था की गई है। इन नए पक्के घाटों के निर्माण से स्थानीय निवासियों और खासकर छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी।

इस अवसर पर विधायक श्री रत्नेश कुशवाहा, पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू, पटना नगर निगम की उपमहापौर श्रीमती रेशमी कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अनिमेष कुमार पराशर, पटना नगर निगम के आयुक्त श्री यशपाल मीणा, बुडको के मुख्य महाप्रबंधक श्री सुरेंद्र कुमार मेहता सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

*********